ST. XAVIER'S SCHOOL, PURULIA

CLASS -5. SUBJECT -HINDI LIT. DATE-25 MAY 2020

TOPIC-chapter-2 (साहसी रूपा) (Continue)

पाठ परिचय - यह कहानी एक साहसी और बुद्धिमान लड़की रूपा की है। रूपा अपने माता-पिता की इकलौती संतान और समझदार है। इस कहानी में यही बताया गया है, कि हमें मुश्किल समय में भयभीत नहीं होना चाहिए बल्कि साहस और चालाकी से काम लेना चाहिए।

इस कहानी से हमें साहसी , निडर और बुद्धिमान बनने की प्रेरणा मिलती है।

- सोचिए और बोलिए

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क) क्या रूपा का कोई और भाई-बहन था?

उत्तर- नहीं, रूपा अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी।

ख) पापा ने चोर पर किससे वार किया?

उत्तर- पापा ने चोर पर डंडे से वार किया।

ग) रूपा ने चोर को कैसे उलझाया?

उत्तर- रूपा ने चोर को अपनी झूठी और मीठी - मीठी बातों से उलझाया।

* सोचिए और लिखिए

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए-

1. रूपा के कोई तीन गुण लिखें।

उत्तर- क) रूपा बहुत ही साहसी और बुद्धिमान थी ।

ख) दूसरों की सहायता करना उसका स्वभाव था।

ग) रूपा बहुत चालाक थी।

2. रूपा की नींद क्यों खुल गई ?

उत्तर- अचानक एक आवाज सुनकर रूपा की नींद खुल गई।

3.रूपा और उसके माता-पिता भयभीत क्यों हो गए ?

उत्तर- रूपा और उसके माता-पिता इसलिए भयभीत हो गए क्योंकि उनके घर में एक चोर घुस आया था,

और उसके हाथ में एक चाकू था।

4. पापा को कौन सी चाल समझ में आ गई?

उत्तर- पापा को रूपा की चालाकी से चोर को स्टोर में बंद करने की चाल समझ में आ गई।

5. चोर को स्टोर में कैसे बंद किया?

उत्तर- रूपा ने चोर को स्टोर में पड़े धन का लालच देकर स्टोर में बंद किया।

3.किसने ,किससे कहा ?

वाक्य	किसने कहा ? किससे कहा ?
क) नहीं, यह तुम्हारा भ्रम है।	पापा ने रूपा से कहा।
ख) हमारे पास सचमुच कोई, धन नहीं है।	पापा ने जोर से कहा।
ग) ऐसे धन से क्या लाभ, जो हमारे प्राण ही हर ले।	रूपा ने पापा से कहा।
घ) चलो , तुम्हें स्टोर दिखा दूँ ।	पापा ने चोर से कहा।

4. सही उत्तर के सामने (सही)लगाइए-

१. सब सावधान कब हो गए।

ख) कदमों की आहट सुनकर।

२. चोर ने चाकू दिखाकर क्या मांगा।

ग) धन और गहने।

****

गृह कार्य-

क) शब्दार्थों को लिखकर याद करो।

ख) 1 से लेकर 4 (पृष्ठ 13-14)तक अपनी कॉपी पर सुंदर अक्षरों में लिखकर याद करो।

ग) संख्या नंबर 5 को अपनी कॉपी पर लिखिए।